आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 01.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा — राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र की अथक सेवा की है और समाज को सशक्त बनाया है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ से मुनस्यारी और हल्द्वानी से अल्मोड़ा हवाई सेवाओं का वर्चुअली शुभारंभ किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6 दशमलव आठ प्रतिशत किया। मुद्रास्फीति का अनुमान भी घटाकर 2 दशमलव छह प्रतिशत।
- वन्य जीवों के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्य जीव सप्ताह शुरु।

प्रधानमंत्री / आरएसएस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ— आर.एस.एस. के शताब्दी समारोह में भाग लिया। शताब्दी समारोह आर.एस.एस. की विरासत, संघ के सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में संघ की भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आर.एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि सिक्के पर भारत माता का प्रतीक है।

उड़ान योजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उड़ान योजना के तहत आज पिथौरागढ़ से मुनस्यारी और हल्द्वानी से अल्मोड़ा के बीच हवाई सेवाओं का ''मुख्यमंत्री आवास'' से वर्चुअली शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा और मुनस्यारी, उत्तराखंड के प्राचीन नगर होने के साथ ही ऐतिहासिक व सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर हैं, जो देश और दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि हेली सेवा शुरू होने से अब पर्यटक अल्मोड़ा और मुनस्यारी तक और भी आसानी से पहुँच सकेंगे। साथ ही राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में आम नागरिकों का आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवाओं के शुरू होने से दोनो क्षेत्रों में पर्यटन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी।
पिथौरागढ़ से मुनस्यारी और हल्द्वानी से अल्मोड़ा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा सप्ताह में सात दिन तथा प्रत्येक दिन, दो बार संचालित होगी। इन हवाई सेवाओं का किराया 2 हजार 500 रुपए है।

स्वस्थ नारी—सशक्त परिवार

राजभवन में आज ''स्वस्थ नारी— सशक्त परिवार'' अभियान के अंतर्गत अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए एक वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कुल 267 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर 10 लोगों ने रक्तदान भी किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए इस अभियान से विशेषकर माताओं, बहनों और बेटियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही अच्छे जीवन की आधारशिला है।

भारतीय रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि अनुमानों को संशोधित कर 6 दशमलव 8 प्रतिशत कर दिया है। इसने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान भी 2 दशमलव 6 प्रतिशत रखा है, जो पहले के अनुमान से कम है।

वन्य जीव सप्ताह

वन्य जीवों और वनों की सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्य जीव सप्ताह की आज से शुरुआत हो गई है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक, डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि वन्य जीव सप्ताह के तहत लोगों को वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।
इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर ''वन्यजीव बचाओ– पर्यावरण बचाओ'' का संदेश दिया। वहीं, साइकिल रैली में भी बड़ी संख्या में बच्चों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। रैली के समापन पर प्रतिभागियों ने संकल्प बैनर पर हस्ताक्षर कर वन्य जीवों की सुरक्षा और संरक्षण की प्रतिबद्धता जताई।

नवमी

प्रदेश में आज दुर्गा नवमी पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने देवी दुर्गा के नौवें और अंतिम स्वरूप, माँ सिद्धिदात्री की पूजा की। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता की पूजा–अर्चना की। लोगों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया और दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया।
वहीं, देहरादून के केदारपुरम स्थित राजकीय बालिका निकेतन में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने नन्हीं कन्याओं के चरण पखारकर उनका पूजन किया और उनके साथ बैठकर भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बालिका निकेतन में स्थित स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी की यूनिट का भी दौरा किया और नवजात बच्चों का हालचाल जाना।

दशहरा तैयारी

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक, दशहरा पर्व कल राजधानी देहरादून में धूमधाम से मनाया जाएगा। बन्नू बिरादरी इस बार 78वां दशहरा पर्व मना रही है। बन्नू बिरादरी दशहरा कमेटी के प्रधान संतोख सिंह नागपाल ने बताया कि परेड ग्राउंड में इस साल 121 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही 70 से 75 फीट ऊंचाई के मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का भी दहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आकर्षक लाइटिंग से लंका के साथ ही पुतलों को सजाया गया है।